# ग्लोबल सिटी से 1 हजार 600 लीटर नकली घी जब्त

▸ खाद्य विभाग के दल की कार्रवाई, नमूने लेकर जांच के लिए भेजे



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** खाद्य विभाग के दल ने शुक्रवार की दोपहर में ग्लोबल सिटी में स्थित एक मकान पर दबिश दी। यहां से 1600 लीटर से अधिक सस्ते भाव का (नकली)देसी घी पकड़ा है। देसी घी को यूपी फ्रेश और मदर बेस्ट के नाम से बेचने की तैयारी थी। दल ने पूरा घी जब्ती में ले कर जांच के लिए नमूने लिए गए हैं।

खाद्य विभाग को सूचना मिली थी कि ग्लोबल सिटी क्षेत्र में नकली घी की खपत की जा रही है। सूचना पर दल ने ग्लोबल सिटी में स्थित एक मकान पर दबिश दी। दलको यहां यूपी फ्रेश और मदर बेस्ट के नाम के विभिन्न वजन में घी के पैकेट मिले। यहां पर विक्रांत त्यागी द्वारा 'महाकाल ट्रेडर्स' नाम से व्यापार किया जा रहा है। विभाग के अधिकारी त्यागी से पूछताछ की। बताया जा रहा है कि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में पंजीकृत दो कंपनियों 'मदर बेस्ट' और 'यूपी फ्रेश'के नाम से बाजार में खपाया जा रहा था।'मदर बेस्ट प्रीमियम देसी घी' को सस्ते दामों दर से बेचा जा रहा था। 15 लीटर की पैकिंग 6000 रुपए में महाकाल ट्रेडर्स द्वारा इन उत्पादों की ट्रेडिंग और मार्केटिंग की जा रही थी और रतलाम सहित आसपास के क्षेत्रों की छोटी दुकानों पर खपाया जा रहा हैं।

## फल और सब्जी की 18 दुकानों से लिए सैंपल



मंडी प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन की संयुक्त दल ने शुक्रवार को सब्जी मंडी सैलाना बस स्टैंड स्थित फल सब्जी की दुकानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान फल की 12 दुकानों से अंगूर, सेवफल, अनार, चुकन्दर, चीकू, कीवी, पपीता, तरबूज, अनानास, संतरा, खरबूजा और सब्जियों की 06 दुकानों से भिन्डी, करेला, आलू, टमाटर, गाजर, बैगन, बीन्स, पत्ता गोभी, लौकी, शिमला मिर्च, खीरा, हरी मिर्च, नीम्बू, तरोई के नमूने लिए गए। जिन्हें जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। दल में मंडी सचिव लक्ष्मी भंवर, खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा, शैलेष कुमार गुप्ता, प्रीति मंडोरिया एवं सब्जी मंडी प्रभारी राजेन्द्र व्यास, सहायक उप निरीक्षक शामिल थे।

एक नजर में

## नापतौल विभाग ने जब्त किए असत्यापित इलेक्ट्रॉनिक्स तौल उपकरणों और पैकेज बंद वस्तु



**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह और नियंत्रक महो. नापतौल म. प्र. भोपाल ब्रजेश सक्सेना द्वारा दिए गये निर्देशो के पालन में सहायक नियंत्रक/निरीक्षक नापतौल भारत भूषण द्वारा होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ता हितों की रक्षा हेतु ग्राम- सातरूण्डा, बिरमावल, जावरा और नामली में साप्ताहिक विशेष जांच का अभियान चलाया जिसमें दुकानों पर उपयोग हेतु रखे गये बांट-माप, इलेक्ट्रॉनिक्स तौल उपकरणों और पैकेज बंद वस्तुओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अर्जुन आटा चक्की सातरूण्डा, लोहार वेल्डिंग वर्क्स फेब्रिकेशन, सातरूण्डा, यश इन्टरप्राईजेस किराना सातरूण्डा, जायसवाल किराना सातरूण्डा, श्रेणीराज प्यारचंद अनाज, बिरमावल,, पिपाड़ा इन्टरप्राईजेस बिल्डिंग मटेरियल बिरमावल, पराग श्री ट्रैडर्स किराना बिरमावल, पद्मावती ट्रेडर्स किराना बिरमावल, अग्रवाल किराना बिरमावल, नवकार शक्ति सेल्स किराना बिरमावल, केश किराना, चौपाटी जावरा, सांकला ब्रदर्स किराना चौपाटी, जावरा, पुरूषोत्तम किराना स्टोर्स चौपाटी जावरा, सेठिया किराना, स्टेशन रोड, जावरा, संजय प्लायवुड हार्डवेरयर एण्ड टिम्बर वर्क्स नामली, खाटु नमकीन नामली, लक्षिता टॉयस, खिलोने, नामली, कृष्णा किराना नामली दुकानों पर बांट-माप, मैकेनिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स नापतौल उपकरणों और पैकेज बंद वस्तुओं को नियमानुसार नही पाए जाने पर इलेक्ट्रॉनिक्स नापतौल उपकरणों और विक्रय हेतु प्रदर्शित करके रखे पैकेज बंद वस्तुओं में अनियमितताऐ पाये जाने के कारण विधिक माप विज्ञान अधिनियम के उल्लघंन और दण्डनीय होने से अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। उक्त दुकानों से 1 मैकेनिकल कांटा, 7 बांट, 6 इलेक्ट्रॉनिक्स तौल उपकरण और 14 पैकेज बंद वस्तुऐं जप्त किये गये। बांट-माप, इलेक्ट्रॉनिक्स तौल उपकरण के उपयोगकर्ता से 21500 रूपये अर्थदण्ड वसूला गया। जांच के दौरान कैलाश चंद्र शर्मा, गोतमलाल मईड़ा, मोहनलाल खैर और मयंक गोयल उपस्थित थे।

## ग्रीष्म ऋतु में पेयजल समस्या की निराकरण के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित

**रतलाम।** कार्यपालन यंत्री एस आर जांगड़े ने बताया कि रतलाम जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्म काल में पेयजल समस्या निगरानी व त्वरित निराकरण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड कार्यालय रतलाम में नियंत्रण प्रकोष्ठ/कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07412-270439 पर पेयजल संबंधी शिकायतों को दर्ज किया जाएगा। कंट्रोल रूम प्रभारी उपयंत्री पूजा भूरिया को बनाया गया। कंट्रोल रूम में कार्यालयीन दिवस में प्रात: 10 से शाम 6 बजे तक जगदीश जोकचंद, राहुल चौहान की ड्यूटी रहेगी। शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक दिलीप सोलंकी की ड्यूटी रहेगी। शासकीय अवकाश दिवस में जगदीश कतिजा, अशोक धाकड़ की ड्यूटी रहेगी। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी द्वारा टेलीफोन पर प्राप्त शिकायत को रजिस्टर में नोट कर निराकरण हेतु कंट्रोल रूम प्रभारी को सूचित किया जाएगा ।

## ई-उपार्जन पोर्टल पर सरसों फसल का पंजीयन 20 मार्च तक

**रतलाम।** उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्रीमती नीलम सिंह चौहान ने बताया कि जिले के किसान ई-उपार्जन पोर्टल पर रबी वर्ष 2025-26 में सरसों फसल के पंजीयन करवाकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना भावान्तर योजना का लाभ ले सकते हैं। किसान सरसों फसल का पंजीयन ग्राम पंचायत-जनपद पंचायत में स्थापित सुविधा केन्द्रों, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों तथा सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र एवं एमपी किसान एप पर पंजीयन की नि: शुल्क व्यवस्था है। सरसों फसल का पंजीयन जिले के निर्धारित 64 पंजीयन केन्द्रों पर कार्यालयीन समय में ई-उपार्जन पोर्टल पर नि:शुल्क पंजीयन करवा सकते हैं। किसान के विगत वर्ष के पंजीयन में उल्लेखित आधार नंबर, बैंक खाता, मोबाइल नंबर में किसी प्रकार के परिवर्तन-संशोधन की आवश्यकता होने पर संबंधित दस्तावेज प्रमाण स्वरूप (जिनको देखकर पंजीयन किया जा सके) पंजीयन केन्द्र पर लाना होंगे। जिन किसानों द्वारा विगत रबी एवं खरीफ में पंजीयन नहीं कराया था एवं ई-उपार्जन पोर्टल पर उनका डाटाबेस उपलब्ध नहीं है। ऐसे किसानों को समिति स्तर पर पंजीयन हेतु आधार नंबर, बैंक खाता नंबर, मोबाइल नंबर, भू-अभिलेख एवं निर्धारित प्रारूप में आवेदन पंजीयन केन्द्र पर उपलब्ध कराना होगा। किसान सरसों फसल के पंजीयन 26 फरवरी से 20 मार्च तक करा सकते है।

## प्रेरक शिक्षा विद डॉ. सीएम मेहता आज होंगे सेवानिवृत

**जावरा।** शहर के भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लंबं समय तक अपनी सेवा देने वाले डॉ. सीएम. मेहता 1983 से उच्चशिक्षा विभाग भोपाल के विभिन्न महाविद्यालय में कार्यरत रह कर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान प्रदान कर 28 फरवरी 2026को सेवा निवृत्त हो रहे है। वर्तमान में डॉ मेहता शासकीय महाविद्यालय, कालूखेड़ा में वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। डॉ मेहता ने शैक्षणिक जगत का 42 वषों का अनुभव का लंबा सफर तय किया है। 42 वर्षों का समर्पण और ज्ञान का प्रकाश विधार्थियों का उज्वल भविष्य और महाविद्यालय की प्रगति के लिए मिल का पत्थर रहा है। शिक्षा के प्रति आपका समर्पण, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा व सहृदयता सदैव अनुकरणीय रहेगी। उन्हें कई अवार्ड सम्मानित किया जा चुका है। जैन सोश्यल ग्रुप मध्य प्रदेश रीजन के पी.आर.ओ.प्रदीप सेठिया द्वारा प्रदान कर बताया कि डॉ. मेहता शैक्षणिक जगत के अलावा कई धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष पद को सुशोभित कर चुके है। साथ ही अनेक विधार्थियों को आर्थिक मदद कर उनके अध्ययनक्रम को नियमित रखा।

## 1 मार्च को समग्र मालवा फाग उत्सव

**जावरा।** समग्र मालवा व्दारा फाग उत्सव का आयोजन 1 मार्च को दोपहर 3 बजे श्री राम विधा मन्दिर होगा। संयोजक मनोहर सिह चौहान, कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्र त्रिवेदी एवं वीरेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि संस्था प्रति वर्ष फाग उत्सव एवं होली मिलन समारोह मनाती हैं। जिसमें नगर के प्रबुद्ध नागरिक साहित्यकार, पत्रकार अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान करते हैं। अध्यक्ष अभय कोठारी, महासचिव महेश शर्मा, कार्यक्रम समन्वयक रमेश मनोहरा, कार्यक्रम संयोजक राजेन्द्र त्रिवेंदी, कोषाध्यक्ष दिलीप त्रिवेदी, जगदीश उपमन्यु, विनोद चोरसिया, अभय श्रीवास्तव, अशोक तिवारी आदि ने शामिल होने अपील कीं।



## जिला स्तरीय ओलंपियाड में चयनित 32 मेधावी विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में रतलाम जिले से चयनित कक्षा 2 से 8 तक के प्रत्येक कक्षा एवं विषय में प्रथम स्थान प्राप्त 32 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 27 फरवरी को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह ने प्रत्येक कक्षा के प्रत्येक विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों एवं मार्गदर्शी शिक्षकों को भी सम्मानित किया । सभी बच्चों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड के साथ स्कूल बैग, ट्रेक शुट, पानी की बोतल, टिफिन, कैप, ज्योमेट्री बॉक्स उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। कार्यक्रम के प्रारम्भ में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार दो चरणों में संचालित ओलम्पियाड प्रतियोगिता एवं चयनित छात्रों के संबंध में विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से सहायक परियोजना समन्वयक विवेक नागर द्वारा दी गई। कार्यक्रम में राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रा हिरल पवांर ने अनुभव साझा किए। सहायक संचालक राहुल मण्डलोई, जिला परियोजना समन्वयक राजेश कुमार झा, मुकेश राठौर एवं विकासखण्ड के अकादमिक समन्वयक, जनशिक्षक उपस्थित थे। संचालन सहायक परियोजना समन्वयक विवेक नागर ने किया।

## व्यक्ति नहीं विचार से चलता संगठन, प्रशिक्षण जरूरी : अटोलिया

▸ प्रशिक्षण महाअभियान की जिला कार्यशाला आयोजित




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** भाजपा देश के अन्य राजनीतिक दलों से भिन्न होकर कार्यकर्ता आधारित पार्टी है,और इसमें कार्यकर्ता विचारधारा पर चलता है, जबकि दूसरी पार्टियां परिवार से चलती है। व्यक्ति नहीं विचार पर चलने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता पड़ती है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमें जो मिला है , वो विचारधारा की वजह से मिला है और इस विचारधारा को सँभालने के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है।

यह बात भाजपा के संभाग प्रशिक्षण प्रभारी नानालाल अटोलिया ने कही। वे रंगोली परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की जिला कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे । इस दौरान जिला भाजपा प्रभारी विवेक जोशी, संभाग प्रशिक्षण सह प्रभारी हरिराम शाह, जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला महामंत्री महेश सोनी एवं जयवंत कोठारी मंचासीन रहे। संभाग प्रशिक्षण सह प्रभारी हरिराम शाह ने पावर प्रजेटेशन के माध्यम से 'व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण होता है, संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण होता है' विषय पर जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष सोना शर्मा ने वर्ग गीत की प्रस्तुति दी। अतिथियों द्वारा महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि के बाद वन्देमातरम का गान किया गया। दोपहर सत्र मे जिले की पांचों विधानसभा की बैठक हुई। रतलाम नगर को विवेक जोशी, रतलाम ग्रामीण को नानालाल अटोलिया, सैलाना को प्रदीप उपाध्याय, जावरा को महेश सोनी एवं आलोट को हरिराम शाह ने संबोधित किया। महेश सोनी ने संघ के पंच परिवर्तन और नवाचार की जानकारी दी।

समापन सत्र में जिला प्रभारी विवेक जोशी ने कहा कि भाजपा राष्ट्र हित की विचारधारा पर काम करने के कारण दूसरी पार्टियों से अलग है। नेता वही होता है, जो दूसरो से ज्यादा जानता हो और उसके लिए ही पार्टी मे समय-समय पर प्रशिक्षण वर्ग होता है। अंत मे राष्ट्रगान अनुज शर्मा मे प्रस्तुत किया।कार्यशाला का संचालन जयवंत कोठारी ने किया। आभार क्रांति जोशी ने माना।

> **अलग-अलग चरणों में होगा प्रशिक्षण : उपाध्याय**
>
> आरंभ में स्वागत उद्बोधन देते हुए प्रदीप उपाध्याय ने कहा कि भाजपा मे सर्वप्रथम राष्ट्रीय, प्रादेशिक फिर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ है, यह कार्यशाला अब मंडल स्तर पर 11 मार्च से 14 अप्रैल तक सभी 25 मंडलो मे होगी । अलग-अलग अलग चरणों में हुई कार्यशाला में सर्वप्रथम अपेक्षित कार्यकर्ता का पंजीयन हुआ ।

## रोजगार मेले में 11 प्रतिभागियों का चयन

**रतलाम।** आईटीआई रतलाम में युवा संगम अंतर्गत संयुक्त रूप से रोजगार मेला, स्वरोजगार मेला, प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एवं मुख्यमंत्री सीखों कमाओं योजनांतर्गत मेलें का अयोजन हुआ। जिसमे भाग लेने वाली कुल 2 कंपनियों द्वारा निर्धारित मापदंड एवं इंटरव्यू के उपरांत कुल 11 प्रतिभागी प्राथमिक रूप से चयनित हुए जिसमे से रोजगार हेतु 2 एवं अप्रेंटिसशिप हेतु 9 आवेदकों का चयन किया गया। जानकारी संस्था प्राचार्य यु. पी. अहिरवार ने दी।

## नप नामली कार्यालय भवन में 14 को लगेगी नेशनल लोक अदालत

**नवभारत न्यूज**

**नामली।** नगर परिषद् नामली कार्यालय भवन में 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। जिसमें बकाया करो (सम्पत्तिकर/ जलकर/ दुकान किराया ) पर लगने वाली पेनल्टी पर 100 प्रतिशत छुट प्रदान की जावेगी । मिलने वाली छुट का लाभ लेने हेतु अपने भवन भूमि का डाटा सम्पत्तिकर के ई नगरपालिका पोर्टल पर अपडेट करवाये अपडेट करवाने हेतु आधार कार्ड समग्र आईडी तथा सम्पत्ति का कुल क्षेत्रफल लाकर अपडेट करावे तथा मिलने वाली छुट का लाभ प्राप्त करे इसी प्रकार जल कर व दुकान किराया भी नगर परिषद में सम्पर्क कर पोर्टल पर अपडेट करवाकर मिलने वाली छुट का लाभ प्राप्त करे। नामली नगर के समस्त करदाताओ से निवेदन है कि वे अपना-अपना डाटा पोर्टल पर 10 मार्च के पूर्व नगर परिषद में उपस्थित होकर संबंधित कर्मचारी से सम्पर्क कर अपडेट करवा लेवे तथा दिनांक 14 मार्च 2026 को नगर परिषद् नामली कार्यालय भवन में लगने वाली नेशनल लोक अदालत में कर जमा कर मिलने वाली छुट का लाभ लेवे।

## समाज के 60 से अधिक वरिष्ठ युगलों का अभिनंदन 1 को

**रतलाम।** अग्रवाल सेवा समिति द्वारा समाज के वरिष्ठ युगलों के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन करेगा। यह आयोजन 1 मार्च को दोपहर 2 बजे से अग्रसेन वाटिका में होगा। जिसमें समाज के 60 से अधिक वरिष्ठ युगलों का अभिनंदन होगा। मुख्य अतिथि श्रीमती नीता सुरेशचंद्र अग्रवाल (अध्यक्ष, अग्रवाल महासभा महिला मंडल) एवं महेशजी अग्रवाल (अध्यक्ष, अग्रसेन सोशल ग्रुप) की विशेष उपस्थिति रहेगी। समिति का मानना है कि हमारे वरिष्ठजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं।

## तेल से भरे टैंकर में लगी आग

▸ डायल-112,फायर टीम ने पाया काबू, बड़ा हादसा टला

**सैलाना।** जिले के सैलाना थाना क्षेत्र अंतर्गत सरवन और सैलाना के बीच स्थित घाट पर गुरुवार देर रात रिफाइंड तेल से भरे एक टैंकर में अचानक आग लग गई। समय रहते डायल-112 पुलिस जवानों और फायर ब्रिगेड की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, टैंकर अहमदाबाद कड़ी से रिफाइंड तेल भरकर रतलाम की ओर आ रहा था। इसी दौरान सरवन घाट पर टैंकर में अचानक आग भड़क उठी। घटना की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को रात्रि 12:25 बजे मिली।

सूचना मिलते ही सैलाना थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल मौके पर रवाना किया गया तथा फायर ब्रिगेड को भी अलर्ट किया गया।

मौके पर पहुंचकर डायल-112 स्टाफ उपनिरीक्षक वीर सिंह देवड़ा, आरक्षक मुरली कटारिया एवं पायलट जीवन खराड़ी ने फायर टीम के साथ मिलकर संयुक्त प्रयास किए और आग पर नियंत्रण पाया। त्वरित कार्रवाई के चलते आग को फैलने से रोक लिया गया। सुबह करीब 9 बजे टैंकर में दोबारा आग लगने की सूचना मिली। इस पर डायल-112 के आरक्षक पाटीदार और पायलट युसूफ शाह पुन: मौके पर पहुंचे और फायर टीम के साथ मिलकर आग बुझाई। एफआरव्ही टूलकिट की सहायता से टैंकर में भरे ऑयल को सुरक्षित रूप से निकालने के लिए रास्ता बनाया गया, जिससे स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सका।

घटना के दौरान कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, लेकिन पुलिस और प्रशासन की सूझबूझ से हालात जल्द सामान्य कर दिए गए। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। डायल-112 जवानों और फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई एवं बेहतर समन्वय के कारण एक संभावित बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय नागरिकों ने भी पुलिस और फायर टीम की सराहना की है।


## लगातार अवकाश, जावरा मंडी कई दिन बंद रहेगी, किसान फसल लेकर न आएं

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** कृषि उपज मंडी समिति जावरा द्वारा कृषक, व्यापारी, तुलावटी एवं हम्माल बंधुओं के लिए आवश्यक सूचना जारी की गई है। मंडी संचिव द्वारा जारी किए गए आदेश में बताया कि आगामी दिनों में लगातार शासकीय व स्थानीय अवकाश रहने के कारण अरनियापीठा प्रांगण जावरा तथा सभी उपमंडियां बंद रहेंगी।

> **इन दिनों में बंद रहेगी मंडिया**
>
> जारी सूचना के अनुसार 28 फरवरी 2026 को माह का चौथा शनिवार, 01 मार्च 2026 को रविवार (शासकीय अवकाश), 03 मार्च 2026 को धुलेंडी (होली का दूसरा दिन), 05 मार्च 2026 को कलेक्टर द्वारा घोषित स्थानीय अवकाश, 06 मार्च 2026 को रमजान माह का तीसरा शुक्रवार होने के चलते इन सभी तिथियों पर मंडी परिसर में नीलामी कार्य पूर्णत: बंद रहेगा। मंडी प्रशासन ने किसानों से विशेष आग्रह किया है कि उपरोक्त दिनों में अपनी कृषि उपज बिक्री/नीलामी हेतु मंडी परिसर में न लाएं, अन्यथा अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## अप्रैल से परिवहन की बसों में सफर होगा सुरक्षित और किफायती : डॉ. गांगले




**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** अप्रैल माह से परिवहन की बसों में सफर सुरक्षित और फियती होने वाला हैं। यह सुविधा प्रदेश के सीएम के प्रयास से मिलेगी। सोशल वर्कर एवं जावरा निवासी डॉ. मदनलाल गांगले ने बताया है कि मध्यप्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा राज्य भर में मुख्य मंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा योजना के अंतर्गत राज्य परिवहन बसों का पुन: संचालन एवं चलाने का फैसला निश्चित ही तारीफे काबिल और सराहनीय कदम है। आपने बताया कि योजना का उद्देश्य यात्रियों को शांत सुलभ, सुरक्षित और सस्ती सेवायें देना है। योजना के अनुसार बस सेवायें सरकार के नियन्त्रण में रहेगी और अप्रैल माह 2026 से शुरुआत होगी। मुख्यमंत्री के इस फैसले से एवं योजना के लागू करने से निश्चित ही पुन: राज्य परिवहन की बसे धीरे-धीरे अपने अस्तित्व में भी आ जाएगी। यात्रियों को अपने गंतव्य तक समय पर पहुंचाने में भरपूर सेवायें भी देगी एवं इस योजना के लागू होने से राज्य परिवहन की बसों के चालन से हजारों लाखों बेरोजगारों को नियमित रूप से रोजगार भी प्राप्त होगा और उनके जीवन स्तर में भी वृद्धि होगी। डॉ. गांगले ने यह भी कहा है कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई इस योजना की घोषणा और जल्द से जल्द क्रियान्वयन होने से उनकी सर्वत्र प्रसंशा की जा रही है।

एक नजर में ▸ जावरा के सरकारी अस्पताल में सुबह 10 बजे होगा टीकाकरण

## 14 वर्ष की बालिकाओं को आज लगेगा सर्वाइकल कैंसर बचाव का टीका




**जावरा।** केंद्र सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सिविल हॉस्पिटल जावरा के न्यू मैटरनिटी विंग में शनिवार सुबह 10 बजे से 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल (गर्भाशय ग्रीवा) कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी वैक्सीन नि:शुल्क लगाई जाएगी।

इस राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ नई दिल्ली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा।

प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रतलाम डॉ. संध्या बेलसरे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील के मार्गदर्शन तथा सीबीएमओ डॉ. शंकरलाल खराड़ी एवं सिविल हॉस्पिटल जावरा प्रभारी डॉ. दीपक पालड़िया के निर्देशन में विशेष एचपीवी टीकाकरण अभियान आयोजित किया जा रहा है। प्रारंभिक 90 दिनों के विशेष अभियान में 14 वर्ष आयु की सभी बालिकाएं यह टीका पूरी तरह मुफ्त लगवा सकेंगी।

> **85 प्रतिशत तक कम होगा कैंसर का खतरा**
>
> उन्होंने बताया कि किशोरावस्था में यह टीका लगने से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर होने का खतरा लगभग 85 प्रतिशत तक कम हो जाता है। बाजार में इस टीके की कीमत करीब 4000 रुपये है, जबकि यहां इसे नि:शुल्क लगाया जा रहा है। टीका 0.5 एमएल की सिंगल डोज के रूप में इंट्रामस्क्युलर लगाया जाएगा। सिविल हॉस्पिटल जावरा के कोल्ड चेन सेंटर पर सुपरवाइजर अनिल पटेल द्वारा कुल 930 डोज एचपीवी वैक्सीन प्राप्त कर ली गई हैं। यह वैक्सीन ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के टाइप 16 और 18 से प्रमुख सुरक्षा प्रदान करती है तथा टाइप 6 और 11 से भी बचाव करती है। अभियान के लिए बीईई बसंतीलाल मईड़ा को नोडल अधिकारी एवं बीपीएम रघुनंदन पाटीदार को सह-समन्वयक बनाया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14 वर्ष की बेटियों को निर्धारित समय पर अस्पताल लाकर यह जीवनरक्षक टीका अवश्य लगवाएं, ताकि भविष्य में होने वाले गंभीर कैंसर से समय रहते सुरक्षा मिल सके।